दिन— शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 27 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः— 15 मिनट

---

01. राज्य में दाखिल—खारिज की नई व्यवस्था आज से लागू। एक ही आवेदन पर परिवार के सभी हिस्सेदारों के नाम पर हो सकेगी बंटवारा भूमि की जमाबंदी।
02. राष्ट्रीय लोक मोर्चा में आंतरिक कलह सतह पर आई। पार्टी विधायक रामेश्वर महतो ने कहा— पुत्र मोह में गलत निर्णय ले रहा है पार्टी नेतृत्व।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम की एक सौ उनतीसवीं कड़ी में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
04. प्रदेश के अधिकांश भागों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।
05. और, दशमेष गुरू गुरू गोबिंद सिंह महाराज के तीन सौ उनसठवे प्रकाश पर्व को लेकर तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में विशेष दीवान का आयोजन।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में आज से एक ही आवेदन के आधार पर पूरे परिवार की जमीन की जमाबंदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पटना में प्रत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि बिहार भूमि पोर्टल पर बंटवारा दाखिल—खारिज की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब खतियानी भूमि के बंटवारे के बाद एक ही आवेदन के आधार पर सभी हिस्सेदारो के नाम से दाखिल—खारिज किया जायेगा। इससे आम लोगों को अनावश्यक कठिनाईयों से मुक्ति मिलेगी।

———बाइट———

---

बिहार राजस्व सेवा संघ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा की भाषा शैली को लेकर शिकायत की है। संघ ने कहा है कि जनता दरबार के नाम पर उपमुख्यमंत्री राजस्व कर्मियों और अधिकारियों को लगातार अपमानित कर रहे है। संघ ने यह भी कहा संघ ने इस पर तुरंत रोक नही लगाने की स्थिति में काम बंद करने की चेतावनी

दी है। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि वे जनहित में कड़े निर्णय लेने का सिलसिला जारी रखेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि उन्हे बिहार राजस्व सेवा संघ की ओर से ऐसा कोई शिकायती पत्र नही मिला है।

———————————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा में परिवारवाद को लेकर आंतरिक कलह सतह पर आ गई है। पार्टी के तीन विधायकों ने केन्द्रीय नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी विधायक रामेश्वर महतो ने कहा कि पुत्र मोह में आकर नेतृत्व पार्टी के सिद्धांतों को तिलांजली दे रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय अनुकूल निर्णय नही होते है तो वे अलग रास्ता चुन सकते है।

———बाइट———

———————————————————————————————

इधर, रालोमो नेता और पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने पार्टी में टूट के सवाल को टाल दिया। पत्रकारों के सवाल के जबाव में उन्होंने केवल इतना कहा कि विपक्ष ख्याली पलाव बना रहा है।

———बाइट———

———————————————————————————————

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने राज्य सरकार पर विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाया। श्री सहनी ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार लोगों के हित के काम नही कर अपना पूरा फोकस विपक्ष की आवाज दबाने में लगा रही है। उन्होंने कहा कि राबड़ी देवी को आवास खाली करने को निर्देश इसी का हिस्सा है।

———बाइट———

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की एक सौ उनतीसवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————————————

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस वर्ष ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते देखा। विशेष श्रृंखला "सुधारों का वर्ष" में आज प्रस्तुत नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए विभिन्न कर सुधारों पर एक रिपोर्ट–

———बाइट———

2014 से पहले इतने सारे टैक्स थे यानी एक प्रकार से टैक्स का जंजाल था और उसके कारण बिजनेस की कास्ट और परिवार का बजट दोनों ही कभी भी संतुलित नहीं हो पाते थे उसे कंट्रोल करना मुश्किल था। एक हजार रुपये की शर्ट पर 170 रुपये टैक्स लगता था। साल 2017 में जब हम जीएसटी लाए तो आने के बाद पहले जीएसटी में 117 से कम होकर के 50 हो गया और अब 22 सितंबर को लागू हुए रेट के बाद एक हजार रुपये के उसी शर्ट पर सिर्फ 35 रुपये टैक्स के रूप में देने होंगे। भारत ने 60 लाख रुपए से अधिक की अब तक की सबसे बड़ी दिवाली बिक्री नवरात्रि में मजबूत मांग और अक्टूबर में रिकॉर्ड ऑटोमोबाइल बिक्री दर्ज की। दूसरी ओर आयकर में छूट की सीमा 2014 में दो लाख रुपये से बढ़ाकर 2025 में 12 लाख रुपए कर दी गई जिससे मध्यमवर्ग को बड़ी राहत प्राप्त हुई है। यह कर सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था और नीति निर्माण में विश्वास सरलता और पारदर्शिता लाकर विकास और अनुपालन को बढ़ावा दे रहे हैं। ईशानी यादव के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में आज मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए। तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को

बढ़ावा देना है। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन केंद्र और राज्य को एक मंच पर लाकर, देश की मानव पूंजी क्षमता और समावेशिता को बढ़ाने तथा भविष्य में विकास की गति तेज करने के लिए एकीकृत रोडमैप तैयार करेगा। सम्मेलन में 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' विषय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पांच प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा होगी। यह क्षेत्र हैं– प्रारंभिक बाल्यावस्था, स्कूली और उच्च शिक्षा तथा कौशल विकास, खेल और पाठ्येतर गतिविधियां। सम्मेलन के दौरान छह विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ क्षेत्र विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से विशाल शर्मा।

————————————————————————————

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का तीन सौ उनसठवां प्रकाश पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में सिख संगतों की उत्साही भीड़ उमड़ पड़ी है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

तख्तश्री हरिमंदिर पटना साहिब शबद–कीर्तन और गुरूवाणी से गुंजायमान है। यहां विशेष दीवान सजाया गया है। मौका है दशमेष गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के जन्मोत्सव का। सन् सोलह सौ छियासठ में गुरू महाराज का जन्म श्री गुरु तेग बहादुर जी और माता गुजरी जी के घर यही हुआ था। पंजाब के श्री आनंदपुर साहिब जाने से पहले गुरू गोबिंद सिंह ने अपना शुरुआती समय भी इसी जगह बिताया। इस पुनित अवसर पर रागी जत्थे विभिन्न गुरूद्वारा– गुरू का बाग, गुरूद्वारा मैनी संगत और गुरूद्वारा बाललीला में गुरु गोबिंद सिंह के जीवन, उनके बलिदान और उनके बेटों और मां की शहादत को दर्शाते हुए शबद कीर्तन गायन कर रहे हैं। भारत और विदेश से हजारों श्रद्धालू गुरु जी की शिक्षाओं और इंसानियत को बचाने के लिए उनके परिवार के बलिदानों को याद करते हुए गुरुद्वारों में नतमस्तक हो रहे हैं। प्रकाश पर्व में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में पटना साहिब पहुंची संगत निहाल हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ने दशमेष गुरू के जन्मोत्सव पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मस्थान, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की इस वर्ष की यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए कहा है कि यह गुरु महाराज के साहस करूणा और त्याग के प्रतीक हैं। दशमेष गुरू गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवे प्रकाश पर्व पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज

तख्त श्री हरमंदिर जी परिसर पटना साहिब पहुंच कर मत्था टेका और राज्य के सुख शांति की कामना की। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी शौर्य, साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है।

——————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिणी हिस्सों के विभिन्न जिलों में शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

विभाग की रिपोर्ट के अनुसान पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गया राज्य का सबसे ठंडे स्थान रहा। इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो रहा है। पटना, दरभंगा और पूर्णियां हवाई अड्डें से कई उड़ाने रद्द कर दी गई और कई उड़ाने देर से परिचालित की जा रही है। वहीं, लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी काफी विलंब से हो रहा है।

——————————————————————————

गोपालगंज जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ थावे दुर्गा मंदिर में चोरी के मामले के ओरोपी को थावे थाना के रिखई टोला में पकड़ने गई एसआईटी टीम पर अपराधियों ने गोलीबारी की। पुलिस की जबावी कार्रवाई में गोली लगने से इजमामुल आलम नाम का अपराधी घायल हो गया।

——————————————————————————

मधुबनी में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव के नवाचार एवं विज्ञान मेला में सहरसा जिले ने बिहार में प्रथम स्थान हासिल किया।

---

अररिया के आरएएस थाना क्षेत्र अंतर्गत हरियाबाड़ा में पुलिस ने छापेमारी कर तीन सौ अस्सी किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

01. राज्य में दाखिल–खारिज की नई व्यवस्था आज से लागू। एक ही आवेदन पर परिवार के सभी हिस्सेदारों के नाम पर हो सकेगी बंटवारा भूमि की जमाबंदी।

02. राष्ट्रीय लोक मोर्चा में आंतरिक कलह सतह पर आई। पार्टी विधायक रामेश्वर महतो ने कहा– पुत्र मोह में गलत निर्णय ले रहा है पार्टी नेतृत्व।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम की एक सौ उनतीसवीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

04. प्रदेश के अधिकांश भागों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

05. और, दशमेष गुरू गुरू गोबिंद सिंह महाराज के तीन सौ उनसठवे प्रकाश पर्व को लेकर तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में विशेष दीवान का आयोजन।

---

समाप्त